

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## अष्टम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–07 सोमवार, दिनांक–13 मार्च, 2023 ई०।

**माननीय अध्यक्ष श्री अवध विहारी चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:40 बजे अपराह्न तक।**

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही आसन द्वारा अनुमति दिये जाने पर नेता प्रतिपक्ष द्वारा किशनगंज जिले में मंदिर जलाने एवं पुजारी के घर को आग के हवाले करने की घटना को उठाया गया।

आसन द्वारा कहा गया कि यह तात्कालिक विषय है। इसे शून्यकाल में उठाया जाय।

इस दौरान आसन की अनुमति से माननीय सदस्य, श्री सत्यदेव राम द्वारा तमिलनाडु में बिहारवासियों पर हुए हिंसा के संदर्भ में फैलाये गये भ्रम के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष से माफी मांगने के लिए कहा।

आसन द्वारा इस मामले के नियमानुकूल होने पर इसे दिखवा लेने के साथ सभी माननीय सदस्यों से अपने–अपने स्थान पर बैठ जाने का अनुरोध किया गया, जिसके उपरान्त सदन में शांति कायम हुई।

**[1] प्रश्नकाल :–**

(i) 05 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
(ii) 10 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
(iii) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।
(iv) 82 तारांकित प्रश्न अनागत।

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज के लिए सूचीबद्ध प्रश्नों का शतप्रतिशत उत्तर प्राप्त हुआ है।

**[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :–**

माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी, श्री अरूण शंकर प्रसाद, श्री अखतरूल ईमान, श्री जय प्रकाश यादव, श्री जनक सिंह एवं श्री बीरेन्द्र कुमार द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

परन्तु आसन की अनुमति से माननीय सदस्यों द्वारा अपने–अपने कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना को पढ़ा गया।

**[3] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया:–

(i) श्रीमती मंजु अग्रवाल (ii) श्री महा नंद सिंह

(iii) श्री इजहारूल हुसैन
(iv) श्री जय प्रकाश यादव
(v) श्री मुरारी मोहन झा
(vi) श्री अजीत कुमार सिंह
(vii) श्री अजय कुमार
(viii) श्री अखतरूल ईमान
(ix) श्री गोपाल रविदास
(x) श्री सुर्यकान्त पासवान
(xi) श्री रामबली सिंह यादव
(xii) श्री मुहम्मद इजहार असफी
(xiii) श्री संदीप सौरभ
(xiv) श्री मुकेश कुमार यादव
(xv) श्री ललन कुमार
(xvi) श्री अमरजीत कुशवाहा
(xvii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xviii) श्री संजय सरावगी
(xix) श्रीमती प्रतिमा कुमारी
(xx) श्री अरूण सिंह
(xxi) श्री रणविजय साहू
(xxii) श्री जनक सिंह
(xxiii) श्री बीरेन्द्र कुमार
(xxiv) श्री सत्यदेव राम
(xxv) श्री ललित नारायण मंडल
(xxvi) श्री सुदामा प्रसाद
(xxvii) श्री पवन कुमार यादव

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–**

(i) माननीय सदस्य, श्रीमती मीना कुमारी एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित तथा दिनांक 06.03.2023 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्रीमती मीना कुमारी द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री चन्द्र शेखर द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री मनोहर प्रसाद सिंह का खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री मनोहर प्रसाद सिंह द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, श्री संजय कुमार झा द्वारा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया।

(iii) माननीय सदस्य, श्री पवन कुमार यादव एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री पवन कुमार यादव द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री संजय कुमार झा द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05:01 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[5] वित्तीय कार्य :–वित्तीय वर्ष 2023–24 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड–03 शिक्षा विभाग; संसदीय कार्य विभाग; विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग; सूचना प्रावैधिकी विभाग तथा श्रम संसाधन विभाग] पर वाद–विवाद तथा मतदान।**

माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री चन्द्र शेखर द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य, श्री कुमार शैलेन्द्र के अनुपस्थित रहने के कारण अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

अनुदानों की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:–

1. श्री विनोद नारायण झा
2. श्री राकेश कुमार रौशन
3. श्री जिवेश कुमार

[इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

4. श्री ललित नारायण मंडल
5. श्री पवन कुमार जायसवाल
6. श्रीमती प्रतिमा कुमारी
7. श्री मुकेश कुमार यादव
8. श्री संदीप सौरभ

9. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी
10. डॉ० सत्येन्द्र यादव
11. श्री राम रतन सिंह
12. श्री ललन कुमार
13. श्री अखतरूल ईमान
14. श्री इजहारूल हुसैन
15. श्रीमती मीना कुमारी

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

तदुपरान्त सरकार की ओर से माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री चन्द्र शेखर द्वारा वाद–विवाद का उत्तर दिया गया।

इस दौरान सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये।

तत्पश्चात माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

**[6] निवेदन :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 34 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक–14 मार्च, 2023 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–13.03.2023

**पवन कुमार पाण्डेय**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।